वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 14 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 143, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार




# आरएन टैगोर को बासुबरल ने नौ विकेट से हराया

**बरेली, अमृत विचार:** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट-सीजन सिक्स के पांचवें दिन रविवार को नौवां मैच खेला गया। टॉस जीत कर आरएन टैगोर इंटर कालेज के कप्तान अभिषेक सक्सेना ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पूरी टीम 18 ओवर में 87 रन बना सकी। इसमें यश ने 17, आशू सक्सेना ने 25 और सुमित यादव ने 10 रन बनाए। 21 रन अतिरिक्त रहे। बासुबरल ने एक विकेट के नुकसान पर 9.4 ओवर में 89 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान शिव प्रताप ने 56 और विक्की शर्मा ने 14 रन बनाए। शिवप्रताप को मैन आफ द मैच चुना गया।